तापमान
अधिकतम 26 डिग्री
न्यूनतम 11 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि

रायपुर, गुरुवार 8 जनवरी 2026

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

11 निजी मोबाइल में वीएसके ऐप के इंस्टालेशन का विरोध



12 विकास की सुइयां उलझीं, घड़ी चौक बना विरोधाभास ...



## खबर संक्षेप

### गणेशपुर में 8 से श्रीमद् भागवत कथा

**जीजामगांव।** ग्राम गणेशपुर में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन 8 से 16 जनवरी तक किया गया है। कथावाचिका



श्रीमती पुष्पा पाण्डेय अभनपुर होंगी। आयोजक समिति ने बताया कि दोपहर 1 बजे से संध्या 5 बजे तक कथा होगी। आयोजन की तैयारी में आयोजक समिति सहित ग्रामीणजन जुटे हुए हैं।

### चंदनबिरही में मड़ई आज

**पुरूर(धमतरी)।** ग्राम चंदनबिरही की मड़ई 8 जनवरी गुरूवार को रखी गई है। ग्रामीण हेमप्रकाश गंजीर ने बताया कि इस अवसर पर ग्रामीणों के मनोरजंन हेतु रात्रि में शिवसागर नाचा पार्टी डोंगरगढ़ का आयोजन किया गया है।

### चिटौद में मड़ई मेला उत्सव 9 को

**पुरूर(धमतरी)।** ग्राम चिटौद में मड़ई मेला उत्सव 9 जनवरी शुक्रवार को रखा गया है। सरपंच तीरथ यादव ने बताया कि रात्रि में ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए छत्तीसगढ़ी नाचा का आयोजन होगा।

### रावनगुड़ा में सत्संग समारोह 10 से

**धमतरी।** ग्राम रावनगुड़ा में दो दिवसीय सत्संग समारोह का आयोजन 10 तथा 11 जनवरी को किया गया है। इस अवसर पर सुश्री साध्वी चंद्रकला साहेब द्वारा प्रतिदिन प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक प्रवचन दिया जाएगा। उत्तम साहू, मनहरण साहू, डॉ. प्यारेलाल, महेश राम, झुमुकलाल, परमानंद, सालिकराम, स्वरूप, त्रिलोचन, गुलाब, मिथिलेश, सुरेश, घनश्याम सिंह साहू शिक्षक ने सत्संग का लाभ लेने की अपील की है।

### अनुराग युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष नियुक्त

**जीजामगांव।** तहसील साहू संघ कुरूद की कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। इस अवसर पर तहसील साहू संघ के अध्यक्ष



कृष्णकांत साहू ने सर्वसम्मति से अनुराग साहू को युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष नियुक्त किया। यह जिम्मेदारी वरिष्ठ समाजसेवी और पदाधिकारियों की अनुशंसा पर सौंपी गई। इस पर नवनियुक्त अध्यक्ष ने कहा कि यह निर्णय युवा नेतृत्व को सशक्त बनाने में अहम कदम है। पदाधिकारियों ने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि नई जिम्मेदारी निष्ठापूर्वक निभाते हुए समाज की विकास में सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

अब तक नए भवन निर्माण की स्वीकृति नहीं, अतिरिक्त कक्ष, मरम्मत को भी मंजूरी नहीं

# नए सत्र में भी नसीब नहीं होगा छात्रों को स्कूल भवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

कई बार आवेदन दिया, आंदोलन किया फिर भी स्कूलों की स्थिति सुधरी नहीं है। अभी जर्जर भवन के चलते कई स्कूलों में छात्र खुले प्रांगण में पढ़ रहे हैं। अभी तक नए भवनों के निर्माण के लिए स्वीकृति नहीं मिली है, ऐसे में आने वाले सत्र में भी इन छात्रों को खुले में पढ़ना पड़ेगा।





ग्राम खपरी, ग्राम पंचायत गिधावा, बोकराबेड़ा, गढ़डोंगरी सहित कई स्कूल के भवनों की हालत खराब है। इनमें से कुछ स्कूल के भवन तो इतने जर्जर हो गए हैं कि न तो शिक्षक भवन में जाते हैं और न ही छात्र। पूरी पढ़ाई स्कूल के खुले मैदान में होती है। ग्रामीणों व पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा कई बार स्कूल भवन के लिए आवेदन दिया जा चुका है लेकिन अब तक इन स्कूलों में नए भवन या अतिरिक्त कक्ष के लिए स्वीकृति नहीं मिली है। यही नहीं अतिरिक्त कक्ष निर्माण को भी मंजूरी नहीं मिली है। यदि अभी स्वीकृति मिल भी जाती है तो आगामी सत्र से पहले भवन तैयार करना संभव नहीं है। ऐसी स्थिति में इन बच्चों को आगामी सत्र में भी खुले मैदान में शिक्षा अर्जन करना होगा।

### नए भवन का प्रस्ताव कलेक्टर को भेजा गया

जिले के 42 स्कूलों के लिए नए भवन का प्रस्ताव कलेक्टर को भेजा गया था। कलेक्टर के माध्यम से इन भवनों का प्रस्ताव शिक्षा सचिव को प्रेषित किया गया है। इसी प्रकार 189 स्कूल के लिए अतिरिक्त कक्ष और जीर्णोद्धार का प्रस्ताव कलेक्टर के माध्यम से भेजा गया है। विडंबना यह है कि इन प्रस्तावों को अभी तक मंजूरी नहीं मिली है।

### सत्यापन के बाद ही भवन का डिस्मेंटल

धमतरी ब्लाक के ग्राम खपरी का स्कूल भवन काफी पुराना है। पहले यह भवन छप्पर वाला हुआ करता था। मरम्मत करते हुए इसके छप्पर को हटाकर कांक्रीट का लेंटर कर दिया गया। दीवारों की जुड़ाई मिट्टी से हुई थी, जिस पर सीमेंट का प्लास्टर किया गया है। पुराना भवन होने के अब इसकी दीवारें कमजोर हो चुकी हैं और जगह- जगह धंस रही है। शिकायत मिलने के बाद ब्लाक शिक्षाधिकारी ने स्कूल की जांच की। इसके बाद आरईएस को इस भवन की जांच के लिए पत्र लिखा गया है। आरईएस के सत्यापन के बाद ही भवन का डिस्मेंटल किया जा सकेगा। अभी तक आरईएस ने इस भवन का निरीक्षण नहीं किया है।

# यातायात, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड और पर्यटन विकास पर फोकस

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा जिले के समग्र विकास को नई दिशा और रफ्तार देने के लिए लगातार प्रयासरत हैं। इसी कड़ी में उन्होंने कलेक्टोरेट स्थित कम्पोजिट भवन सहित जनपद पंचायत के पास गर्ल्स कॉलेज, रत्नाबांधा, रेलवे स्टेशन, पुराना बस स्टैण्ड, अर्जुनी स्थित निर्माणाधीन नया बस स्टैण्ड, कोलियारी, करेठा तथा रूद्रेश्वर मंदिर सहित एक दर्जन से अधिक स्थलों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने रेलवे स्टेशन के आसपास यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि रेलवे स्टेशन के शुरू होने के बाद यातायात दबाव बढ़ने की पूरी संभावना है। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेलवे स्टेशन से आमदी तक सड़क निर्माण की योजना तैयार की जा रही है। इसके लिए अधिकारियों को शीघ्र प्राक्कलन तैयार कर उच्च कार्यालय को भेजने के निर्देश दिए गए। साथ ही रेक स्थल से एक्जिट प्वाइंट को लेकर भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



■ कलेक्टर ने किया एक दर्जन से अधिक स्थलों का निरीक्षण।

### बस स्टैण्ड विकास पर विशेष ध्यान

कलेक्टर श्री मिश्रा ने पुराने बस स्टैण्ड में दुकानों को व्यवस्थित करने के निर्देश दिए, ताकि यात्रियों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। वहीं अर्जुनी स्थित निर्माणाधीन नए बस स्टैण्ड में प्रस्तावित व्यावसायिक परिसर के स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने नए बस स्टैण्ड से रेलवे स्टेशन तक पहुंच मार्ग का अवलोकन किया।

### पर्यटन विकास के लिए रूद्रेश्वर में सौंदर्यीकरण

रूद्रेश्वर मंदिर क्षेत्र के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने घाट के किनारे पिंचिंग कार्य, गार्डन एवं सौंदर्यीकरण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इससे यहां आने वाले पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

### धारदार चाकू लहराते युवक गिरफ्तार

**धमतरी।** मरादेव चौक में धारदार चाकू लहराकर लोगों को डरा धमका रहे युवक को कोतवाली पुलिस ने घेराबंदी कर गिरफ्तार किया है।

■ कोतवाली पुलिस ने की कार्रवाई

कोतवाली पुलिस मंगलवार की सुबह शहर की पेट्रोलिंग के लिए रवाना हुई थी। इसी दौरान मुखबिर से मरादेव मंदिर चौक के पास एक युवक द्वारा धारदार चाकू लहराकर आने जाने वाले को डराने धमकाने की सूचना मिली। पेट्रोलिंग टीम तत्काल पोस्ट आफिस वार्ड स्थित मरादेव मंदिर के पास पहुंची जहां एक युवक को धारदार चाकू लहराते पाया। पुलिस ने घेराबंदी कर युवक को पकड़ पूछताछ की। युवक ने अपना नाम प्रदीप बंजारे पिता महेश बंजारे उम्र 25 वर्ष रामसागरपारा धमतरी निवासी बताया। आरोपी के कब्जे से एक धारदार चाकू बरामद किया गया। पुलिस ने आरोपी प्रदीप बंजारे के खिलाफ आर्म्स एक्ट 25, 27 के तहत अपराध दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है।

# 4.50 लाख के गांजा के साथ दो तस्कर गिरफ्तार, एक फरार

■ भारतमाला नगरी रोड में मगरलोड पुलिस ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड

मगरलोड पुलिस ने नौ किलो से अधिक गांजा के साथ दो आरोपी को गिरफ्तार किया है। एक फरार है। मगरलोड पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि भारतमाला नगरी रोड से अवैध रुप से गांजा लेकर दो गाड़ियों से कुरुद की ओर आ रहे हैं। भारतमाला रोड महानदी पुल के पास नाकाबंदी कर 3 संदेहियों को घेराबंदी कर रोकने का प्रयास किया गया, जिसमें मोटरसाइकिल एवं स्कूटी सवार दो आरोपियों को मौके पर ही पकड़ लिया गया, जबकि स्कूटी चालक लॉक लगाकर फरार हो गया। गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से काले रंग के बैग एवं स्कूटी की डिक्की में रखे कुल 4 पैकेट में 9.056 किलोग्राम गांजा पॉलीथिन सहित बरामद किया गया। जप्त गांजे की अनुमानित कीमत 4,50,000 रूपये आंकी गई है। साथ ही एक मोटरसाइकिल एचएफ डीलक्स क्रमांक सीजी 23 पी 4905 कीमत लगभग 50,000 रूपये, एक बिना नंबर टीवीएस ज्यूपिटर स्कूटी कीमत 50,000 तथा दो मोबाइल फोन कीमत 10,000 रूपये कुल कीमत 5,60,000 रूपये जप्त किया गया है। आरोपी रसिया कमार उर्फ रसीक पिता राम कमार उम्र 30 वर्ष निवासी कुमली थाना रायघर जिला नवरंगपुर (ओडिशा) एवं परमेश्वर बाग पिता भुनेश्वर बाग उम्र 53 वर्ष निवासी खैरपदर थाना धरमगढ़ जिला कालाहांडी ओडिशा को धारा 20 (ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। एक फरार आरोपी की तलाश जारी है।



# चलती बाइक में लगी आग, जलकर हुई खाक

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

भखारा से देवरी की तरफ जा रही चलती बाइक में अचानक आग लग गई। इस घटना में बाइक पूरी तरह जलकर खाक हो गई है।

मिली जानकारी के अनुसार बुधवार की दोपहर एक युवक मोटर साइकिल क्रमांक सीजी 05 एई 0291 में सवार होकर भखारा से देवरी की तरफ जा रहा था। इसी दौरान बिजली आफिस ट्रांसफार्मर के पास अचानक चलती बाइक में आग लग गई। बाइक से आग की लपटें निकलते देख चालक किसी तरह अपनी जान बचाई। देखते ही देखते बाइक आग में जलकर खाक हो गई। सूचना मिलते ही भखारा पुलिस मौके पर पहुंची और आग को बुझाने का प्रयास किया। घटना बिजली घटना बिजली आफिस के ट्रांसफार्मर के पास घटित होने के कारण एहतियातन कुछ देर के लिए विद्युत सप्लाई बंद कर दी गई। मुख्य मार्ग में घटित घटना से कुछ समय के लिए सड़क के दोनों तरफ वाहनों की लाइन लग गई थी। घटनास्थल में लोगों की भीड़ लगी रही।

**भखारा के बिजली आफिस के पास हुई घटना**



# अनाधिकृत सब्जी पसरा से यातायात हो रहा बाधित

■ मंगलवार को व्यवसाय को लेकर घड़ी चौक और गोल बाजार के विक्रेताओं में हुआ था विवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शहर की सड़कों पर फैलता अस्थायी सब्जी बाजार अब केवल अव्यवस्था नहीं, बल्कि टकराव की वजह बनता जा रहा है। घड़ी चौक, गोल बाजार और रामबाग क्षेत्र में सड़क किनारे लग रहे अनाधिकृत सब्जी पसरों ने मंगलवार को ऐसा रूप ले लिया कि बात बहस से आगे बढ़कर हाथापाई की स्थिति तक पहुंच गई। हालात इतने बिगड़े कि ट्रैफिक पुलिस भी स्थिति संभालने में बेबस नजर आई।

घड़ी चौक के पास सब्जी बेचने को लेकर दो गुट आमने-सामने आ गए। विवाद के चलते लगभग आधे घंटे तक सड़क पर यातायात ठप रहा। मौके पर मौजूद लोगों ने किसी तरह बीच-बचाव कर स्थिति को शांत कराया। इस दौरान दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर कारोबार प्रभावित करने और नियमों की अनदेखी के आरोप लगाए।



गोल बाजार के सब्जी विक्रेताओं का कहना है कि वर्षों से तय बाजार क्षेत्र में बैठकर वे व्यापार कर रहे हैं, लेकिन सड़क किनारे लगने वाले पसरों के कारण ग्राहक वहीं रुक जाते हैं। इससे उनका व्यापार प्रभावित हो रहा है। उनका आरोप है कि नियमों का पालन करने वाले व्यापारियों को नुकसान और अव्यवस्था फैलाने वालों को फायदा मिल रहा है।

वहीं सड़क किनारे सब्जी बेचने वालों का तर्क है कि उन्हें नगर निगम द्वारा कोई वैकल्पिक स्थान उपलब्ध नहीं कराया गया है। परिवार के भरण-पोषण के लिए मजबूरी में जहां जगह मिलती है, वहीं बैठना पड़ता है। उन्होंने साफ कहा कि यदि प्रशासन उन्हें निश्चित स्थान दे, तो वे वहां जाने को तैयार हैं।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि धमतरी की सड़कें पहले से ही संकरी हैं। ऐसे में सड़क पर पसरा, ठेला और वाहनों की अव्यवस्थित पार्किंग यातायात को और बाधित कर रही है। लोगों ने सुझाव दिया कि सब्जी विक्रेताओं को इतवारी बाजार की खाली पड़ी जगह में व्यवस्थित किया जाए, ताकि शहर में ट्रैफिक व्यवस्था सुधर सके।

नागरिकों ने ट्रैफिक पुलिस और नगर निगम से मांग की है कि नियमों का सख्ती से पालन कराया जाए। यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो छोटे विवाद बड़े हादसों का रूप ले सकते हैं।

हरिभूमि
जन्मदिन उत्सव
उपहार वितरण सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि जन्मदिन उत्सव में भाग्यशाली विजेता अपना उपहार 3 जनवरी 2026 से हरिभूमि कार्यालय, जिला कार्यालय या अपने क्षेत्र के अभिकर्ता से प्राप्त कर सकते है। उपहार प्राप्त करने के लिये अपना पहचान पत्र, माह दिसंबर 2025 हरिभूमि अखबार का मासिक बिल साथ लावें।
समय : सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक।
नोट : रविवार के दिन उपहार का वितरण नहीं होगा।

जिले के कई लोग हुए एपीके फाइल के शिकार


# बस एक क्लिक और हो गया वाट्सएप हैक

**केस 1**

ग्राम खपरी निवासी शिवा नेताम सीआरपीएफ में हैं। उन्हें एक परिचित से मैसेज आया, जिसमें परिवहन विभाग द्वारा वाहन चालान किया जाना बताते हुए एक एपीके फाइल अटैच किया गया था। उस फाइल को खोलते ही उसका वाट्सएप हैक हो गया। यही नहीं उसके फोन कांटेक्ट के सभी लोगों के पास अपने आप यह मैसेज चला गया।

**केस 2**

हटकेशर निवासी दिलीप देवांगन के पास भी परिचित व्यक्ति से परिवहन विभाग द्वारा वाहन चालान किए जाने की सूचना देते हुए एक मैसेज आया। इसमें भी एपीके फाइल अटैच थी। फाइल खोलते ही उसका वाट्सएप अनइंस्टाल हो गया। वाट्सएप में जितने भी ग्रुप से वह जुड़ा था, उसमें अपने आप यह मैसेज चला गया। उसके कांटेक्ट लिस्ट के सभी लोगों के पास यह मैसेज गया।



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

साइबर ठगी अब और भी हाईटेक हो गया है। लोग जितने सावधान होते जा रहे हैं, साइबर ठग उतने ही शातिराना तरीके से लोगों को चूना लगाने का रास्ता निकाल ले रहे हैं। इसी में एक एपीके फाइल है। शहर में ऐसे दर्जनों मामले हैं, जिसमें लोगों के पास परिवहन विभाग का नाम लेते हुए वाहन चालान होने की जानकारी दी गई और उसके साथ एक एपीके फाइल भेजा गया। यह फाइल एक वायरस की तरह एक मोबाइल से दूसरे मोबाइल को हैक कर रही है। इससे पीड़ित लोगों ने बताया कि उनके पास परिचित व्यक्ति के पास से यह मैसेज आया। एपीके फाइल को टच करते ही वाट्सएप हैक हो गया। इसके बाद कांटेक्ट में जितने लोग थे, सभी के पास यह मैसेज आटोमेटिक चला गया। जिसने भी यह मैसेज खोला, उसका वाटसएप हैक हुआ और उसके मोबाइल से अन्य लोगों को अपने आप मैसेज चला गया।

### सावधानी के लिए किया मोबाइल रिसेट

वाट्सएप हैक होने के बाद लोगों की हर कोशिश बेकार गई। लोगों ने सावधानी के तौर पर पूरा मोबाइल रिसेट कर दिया। इससे मोबाइल में सेव किए हुए कई जरूरी डाटा भी उड़ गए। हालांकि इस ऐप के माध्यम से किसी को आर्थिक नुकसान होने की जानकारी अभी तक नहीं मिली है, लेकिन आशंका जताई जा रही है कि यह साइबर ठगों की करतूत है।

### कई लोगों के बंद हैं मोबाइल

जिला पंचायत सदस्य नीलम चंद्राकर, शिक्षा विभाग के बड़े बाबू रमेश देवांगन सहित कई लोग भी इस मोबाइल हैकिंग के शिकार हुए हैं। कुछ ने तो मोबाइल ही बंद कर दिया है। कुछ ने वाट्सएप रिइंस्टाल किया। अब वे अपने परिचितों को फोन लगाकर सूचना दे रहे हैं कि वे एपीके फाइल वाले मैसेज को न खोलें।

खबर संक्षेप



## बोरवेल खनन से डोंगरडुला स्कूल में पानी की समस्या होगी दूर

**नगरी।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोंगरडुला में जनपद सदस्य मुनेंद्र ध्रुव के प्रयासो से बोरवेल खनन का कार्य पूर्ण किया गया। बोरवेल खनन कार्य पूर्ण होने पर विद्यालय में जल समस्या का स्थायी समाधान संभव हो सका है, जिससे छात्र-छात्राओं एवं विद्यालय स्टाफ को बड़ी राहत मिली है। इस अवसर पर सरपंच, शाला विकास प्रबंधन समिति तथा विद्यालय परिवार ने प्रसन्नता व्यक्त की। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि बोरवेल खनन से विद्यालय में स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित होगी और शैक्षणिक गतिविधियों को सुचारू रूप से संचालित करने में सहायता मिलेगी।

निधन

## शंकरलाल गजेन्द्र



**धमतरी।** गुजराती कॉलोनी धमतरी निवासी शंकरलाल गजेन्द्र उम्र 83 वर्ष का 7 जनवरी को आकस्मिक निधन हो गया। वे नूतन स्कूल धमतरी के पूर्व व्याख्याता एवं आरएसएस के पुराने स्वयंसेवक थे। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं। वे टैलेंट पब्लिक स्कूल के संचालक बसंत गजेन्द्र, चितरंजन गजेन्द्र, यदुनंदन गजेन्द्र, शीतल गजेन्द्र के पिताजी थे। उनकी अंतिम यात्रा आज 8 जनवरी को सुबह 11 बजे गुजराती कॉलोनी स्थित निवास स्थान से शांतिघाट के लिए निकलेगी, जहां उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा।

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल-आमदी तहसील व जिला धमतरी (छ.ग.)

// सूचना पत्र //

प्रति,

1. सरोज बाई पति राजकुमार प्रजापति धमतरी
2. त्रिलोक अमोल उद्योग धमतरी
3. छ.ग. पार्टनर कविता अग्रवाल पति जयप्रकाश अग्रवाल धमतरी
4. मोहित दास पि. दयालदास अर्जुनी

विषय :- सीमांकन की सूचना बाबत्।

---00---

आपको सूचित किया जाता है कि ग्राम अर्जुनी प.ह.नं. 23 रा.नि.मं.-आमदी तहसील व जिला-धमतरी में स्थित भूमि खसरा नंबर 172/3 रकबा 0.10 हे. का हे. का आवेदिका सरोज बाई पति राजकुमार प्रजापति निवासी आमापारा, धमतरी के आवेदन पर श्रीमान तहसीलदार धमतरी के आदेश दिनांक 08/12/2025 के अनुसार सीमांकन दिनांक 09/01/2026 दिन शुक्रवार समय 11.00 बजे मेरे द्वारा किया जाना है।

अतः आप सीमावर्ती भूमि स्वामी होने के कारण सीमांकन के समय स्थल पर मय दस्तावेज के साथ उपस्थित रहें। समय पश्चात आपत्ति ग्रहण नहीं की जावेगी।

राजस्व निरीक्षक
रा.नि.मं. आमदी

तृतीय दिवस : शिव भक्ति, शांति और सनातन संस्कृति की महिमा पर प्रकाश डाला

# हर व्यक्ति को शांति की जरूरत है और यह मार्ग भगवान शिव से होकर जाता है : गिरि बापू

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

कर्णेश्वर महादेव मंदिर सिहावा में आयोजित शिव महापुराण कथा के तृतीय दिवस अंतरराष्ट्रीय कथावाचक गिरि बापू ने शिव भक्ति, शांति और सनातन संस्कृति की महिमा पर प्रवचन दिया।

गिरि बापू ने कथा के दौरान कहा कि भगवान की कथा कहना और सुनना स्वयं में शांति का दान है। महाभारत, रामचरितमानस और पुराणों में यही भाव व्यक्त किया गया है कि कथा से मनुष्य को में सुख, दीर्घायु और मानसिक शांति प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि जो महापुराणों की कथा कहते हैं, उनके प्रति शुभ भावना व्यक्त करना,



उनका सम्मान करना सनातन परंपरा है।

गिरि बापू ने कहा कि मान-सम्मान के लिए किसी से कहना नहीं पड़ता, यदि जीवन में शांति और सद्गुण हों तो मान स्वतः प्राप्त होता है। शास्त्रों में अनेक गुणों की चर्चा है, परंतु यदि मनुष्य अपने जीवन में पांच



गुण शांति, संयम, करुणा, श्रद्धा और सत्य को धारण कर ले, तो जीवन सार्थक हो जाता है। उन्होंने भगवान विष्णु, नारद और तुलसीदास के प्रसंग का उल्लेख करते हुए कहा कि हर व्यक्ति को शांति की आवश्यकता है और शांति का मार्ग भगवान शिव से होकर जाता है। इसलिए प्रत्येक परिस्थिति में घर में, वन में, श्मशान में या किसी भी अवस्था में ओम नमः शिवाय का स्मरण करना चाहिए। कथावाचक ने सनातन धर्म की वैश्विक स्वीकार्यता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज विदेशी नागरिक भी सनातन धर्म की ओर आकर्षित हो रहे हैं और हरे कृष्ण, हरे राम तथा हर-हर महादेव का उच्चारण कर रहे हैं। यह सनातन धर्म की महिमा है।

गिरि बापू ने सिहावा अंचल की प्राकृतिक सुंदरता की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह क्षेत्र शुद्ध हवा, जल, जंगल और पहाड़ों से परिपूर्ण है। आने वाले समय में शहरी लोग भी ऐसे क्षेत्रों की ओर लौटेंगे, जिससे ग्रामीण विकास, कृषि विकास और किसानों का सम्मान बढ़ेगा। उन्होंने किसानों को अन्नदाता बताते हुए कहा कि अन्न खेत में उत्पन्न होता है, किसी फैक्ट्री में नहीं। कथा के दौरान गिरि बापू ने एक प्रेरक प्रसंग सुनाते हुए बताया कि जब सृष्टि के निर्माण के समय भगवान शिव ने सभी को धन, वैभव, बुद्धि और पद दिए, तब एक वस्तु नीचे गिर गई वह थी शांति। भगवान शिव ने उस पर अपना चरण रख दिया और कहा कि शांति उनके चरणों में है, जिसे साधना से ही प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने आयोजन से जुड़े मुकेश बाबा की सराहना करते हुए कहा कि वे परोपकारी हैं और निरंतर पुरुषार्थ व परिश्रम से समाज कल्याण के कार्यों में लगे हुए हैं।

## चिटौद में मानस गान सम्मेलन कल से

हरिभूमि न्यूज ▶▶पुरूर(धमतरी)

जय श्रीराम मानस प्रचार सेवा समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम चिटौद में 9 से 11 जनवरी तक मानसगान सम्मेलन का आयोजन श्रीराम मंदिर परिसर में किया गया है।

सम्मेलन का शुभारंभ 9 जनवरी को शाम 5 बजे विजय पंजाबी महालक्ष्मी एन क्लब धमतरी के मुख्य आतिथ्य में होगा। विश्व हिन्दू परिषद के संदीप अग्रवाल अध्यक्षता करेंगे। विशेष अतिथि सरपंच तीरथ यादव, उपसरपंच रमेश नेताम, पुरूषोत्तम सिन्हा, सुरेन्द्र तिवारी, रूपराम नागवंशी, डां. गोपी साहू शत्रुघन साहू, दिनेश पाठक होंगे। कार्यक्रम के लिए आयोजन समिति का गठन किया गया है। सरंक्षक रघुराम साहू, अध्यक्ष बसंत नागवंशी, उपाध्यक्ष सुरेश साहू, कोषाध्यक्ष देवलाल साहू, गोकुलराम साहू, विदेशी राम साहू, लोकनाथ पटेल, जगदीश सिन्हा, प्रदुमन यादव राजेन्द्र सिन्हा, भुनेश्वर निषाद बनाए गए हैं। यह जानकारी आयोजन समिति के सचिव कमल सेन, लोकेश साहू ने दी।

बरबांधा जलाशय वेस्टवेयर पुनर्निर्माण कार्य का अधिकारियों ने किया निरीक्षण

# वेस्टवेयर पुनर्निर्माण के लिए निर्माण सामग्री वन क्षेत्र से नहीं ली जाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

बरबांधा जलाशय के वेस्टवेयर पुनर्निर्माण को लेकर विभागीय स्तर पर कार्रवाई तेज हो गई है। जल संसाधन एवं वन विभाग के अधिकारियों ने संयुक्त रूप से निर्माण स्थल का जायजा लिया और आगामी कार्यों की रूपरेखा तैयार की।

वेस्टवेयर पुनर्निर्माण कार्य को लेकर सहायक संचालक सीतानदी, परिक्षेत्र अधिकारी सीतानदी, परिक्षेत्र सहायक सिंगनपुर, वन अमला तथा जल संसाधन विभाग के अनुविभागीय अधिकारी एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में स्थल निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मिट्टी खुदाई कार्य हेतु लगभग 12 हेक्टेयर क्षेत्र का सीमांकन कर केएमएल फाइल तैयार की गई। जल



संसाधन विभाग के अनुविभागीय अधिकारी ने जानकारी दी कि खुदाई से प्राप्त मिट्टी को निर्धारित स्थल पर सुरक्षित रूप से परिवहन कर डंप किया जाएगा। डंपिंग क्षेत्र का पृथक से निरीक्षण किया जा रहा है ताकि किसी प्रकार की पर्यावरणीय क्षति न हो। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि प्रस्तावित कार्य से किसी भी वृक्ष को क्षति नहीं पहुंचेगी और न ही क्षेत्र की जैव विविधता पर कोई प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। यह भी आश्वस्त किया कि वेस्टवेयर पुनर्निर्माण कार्य के लिए कोई भी निर्माण सामग्री वन क्षेत्र से नहीं ली जाएगी तथा वन भूमि को किसी प्रकार का नुकसान नहीं पहुंचाया जाएगा।

बताया गया कि यह कार्य जलाशय में बालू भराव बढ़ाने के उद्देश्य से प्रस्तावित है, जिसे सीतानदी टाइगर रिजर्व के दिशा-निर्देशों के अनुरूप किया जाएगा। बरबांधा जलाशय वेस्टवेयर पुनर्निर्माण स्थल परिक्षेत्र सीतानदी के कक्ष क्रमांक 324 एवं 325 में स्थित है।

निरीक्षण उपरांत अधिकारियों एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में पंचनामा तैयार किया गया, जिस पर पंचगणों ने सहमति व्यक्त की। इस दौरान केपी साहू अनुविभागीय अधिकारी, सिंचाई विभाग नगरी, ताराचंद कोर्गम, बीजूराम नेताम, नंद कुमार, रामकुमार, सुरेश कुमार, धीरज मरकाम, राधेलाल सोनी, शिवराज नेताम, विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्राम बरबांधा के ग्रामीण उपस्थित थे।

# कबीर अध्यात्म सम्मेलन में छग के 100 से अधिक आश्रम के संत जुटे

■ कार्यक्रम में सेमरा बी से बड़ी संख्या में कबीर पंथी हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶जीजामगांव

रायपुर स्थित मेकाहारा ऑडिटोरियम में सद्गुरु कबीर विश्व शांति मिशन छत्तीसगढ़ संत संगठन के तत्वावधान में सद्गुरु कबीर स्मृति महोत्सव पर अध्यात्म सम्मेलन एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के 100 से अधिक आश्रमों से संतों एवं साध्वियों की उपस्थिति रही। सम्मेलन का उद्देश्य सद्गुरु कबीर साहेब की वाणी को जन-जन तक पहुंचाना तथा समाज में एकता, मानवता और शांति का संदेश प्रसारित करना रहा।

इस महोत्सव में पारख सिद्धांत, दामाखेड़ा, खरसिया, नादवंस,



जागुसाहेब, दयानाम साहेब सहित विभिन्न परंपराओं के अनुयायियों ने एक मंच पर एकत्र होकर सद्गुरु कबीर विश्व शांति मिशन के माध्यम से एकजुटता का परिचय दिया।

प्रमुख संतजनों में संत गुरुभूषण साहेब (सूरत, गुजरात), आचार्य मंगल साहेब (कबीरमठ, नादिया) तथा महंत रामसुंदर दास (दूधाधारी मठ, रायपुर) ने सांस्कृतिक, सामाजिक और साम्प्रदायिक सौहार्द पर अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विष्णुदेव साय मुख्यमंत्री थे। अध्यक्षता विजय शर्मा उपमुख्यमंत्री ने की।

भजन प्रस्तुति पद्मश्री भारती बंधु एवं डॉ. सुरेश ठाकुर एवं मंडली द्वारा दी गई। कार्यक्रम में ग्राम सेमरा (बी) से बड़ी संख्या में कबीरपंथी ग्रामीणों की सहभागिता रही, जिसमें द बीजक यूनिवर्सल वेलफेयर ट्रस्ट का विशेष योगदान रहा। रायपुर की नॉन-प्रॉफिट युवा संस्था के प्रमुख एम. राजीव ने भी सहयोगियों संग कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# व्यावसायिक प्रशिक्षकों ने की मानदेय में वृद्धि करने की मांग

■ प्रतिनिधिमंडल ने समग्र शिक्षा के डिप्टी डायरेक्टर को दिया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶जीजामगांव

नवीन व्यावसायिक प्रशिक्षक कल्याण संघ छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष भूपेश साहू के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने समग्र शिक्षा के डिप्टी डायरेक्टर डी.के. कौशिक से मुलाकात कर व्यावसायिक प्रशिक्षकों से जुड़ी लंबित मांगों को लेकर पत्र प्रतिवेदन सौंपा। इस दौरान प्रमुख रूप से लंबित मानदेय वृद्धि एवं आगामी वार्षिक कार्ययोजना एवं बजट में उचित मानदेय निर्धारण की मांग रखी गई।

प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि वर्तमान में छत्तीसगढ़ राज्य में कार्यरत व्यावसायिक प्रशिक्षकों को 23,000 प्रतिमाह मानदेय दिया जा रहा है। पिछले वित्तीय वर्ष में राज्य सरकार द्वारा 1,000 की वेतन वृद्धि का प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा गया था, जिसे केंद्र द्वारा स्वीकृति भी



प्रदान की गई, किंतु आज तक यह वृद्धि प्रशिक्षकों को प्राप्त नहीं हो सकी है। इससे प्रशिक्षकों में असंतोष व्याप्त है और आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

संघ ने यह भी उल्लेख किया कि असम, जम्मू-कश्मीर एवं हरियाणा जैसे राज्यों में व्यावसायिक प्रशिक्षकों को अपेक्षाकृत अधिक एवं सम्मानजनक वेतन दिया जा रहा है, जबकि छत्तीसगढ़ में प्रशिक्षक सीमित मानदेय में निरंतर शैक्षणिक दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं।

डिप्टी डायरेक्टर श्री कौशिक द्वारा प्रतिवेदन पर गंभीरतापूर्वक विचार करते हुए शिक्षा सचिव के समक्ष आवश्यक चर्चा किए जाने का आश्वासन दिया गया। संघ ने मांग की कि स्वीकृत 1,000 की वृद्धि तत्काल लागू की जाए, एरियर्स का भुगतान हो तथा आगामी बजट प्रस्ताव में सम्मानजनक वेतन संरचना सुनिश्चित की जाए। यह जानकारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष भूपेश साहू एवं सचिव अभिषेक ताम्रकार ने दी।

## मुख्य मार्ग पर झुके पेड़ से हादसे संभावित, शासन-प्रशासन मौन

हरिभूमि न्यूज ▶▶पखांजुर

शासन और प्रशासन की कुंभकर्णी नींद तब खुलती है जब कोई बड़ा हादसा हो जाता है। पखांजुर का झुका वटवृक्ष इसी इंतजार कि गवाही दे रहा है। नया बाजार मुख्य मार्ग पर मौत बनकर झूल रहा यह विशालकाय वटवृक्ष राहगीरों की गर्दन पर तलवार की तरह लटक रहा है, लेकिन संबंधित विभाग फाइलों में उलझे हुए हैं। ग्रामीणों ने 23 अगस्त 2024 को ही प्रशासन को आगाह कर दिया था। पखांजुर निवासी दीपक दास, राजेश नायर और एसके साहा व अन्य जागरूक नागरिकों ने लिखित आवेदन देकर इस खतरे को हटाने की गुहार लगाई थी। इसके जवाब में नगर पंचायत ने 17 अक्टूबर 2024 को वन विभाग, लोक निर्माण विभाग और बिजली विभाग को पत्र तो लिखा, लेकिन वह पत्र शायद धूल फांक रहा है। यह वटवृक्ष न केवल सड़क को अवरुद्ध कर रहा है, बल्कि बिजली की हाई-टेंशन लाइनों के ऊपर भी झुका हुआ है। थोड़ी सी भी आंधी या बारिश इस पेड़ को धराशायी कर सकती है, जिससे सड़क पूरी तरह बंद हो जाएगी। ग्रामीणों का आरोप है कि वन विभाग अनुमति के नाम पर देरी कर रहा है, तो लोक निर्माण और बिजली विभाग समन्वय की कमी का रोना रो रहे हैं।

## पीजी कॉलेज में वोटर कार्ड शिविर लगा

**धमतरी।** बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता एवं नए मतदाताओं के पंजीयन हेतु वोटर कार्ड शिविर का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. विनोद कुमार पाठक के निर्देशन में तथा स्वीप नोडल अधिकारी प्रोफेसर पंकज जैन, ईएलसी नोडल प्रोफेसर गोविंद प्रसाद के मार्गदर्शन में यह शिविर 6 जनवरी को प्रातः 11 बजे से लाइब्रेरी के सामने आयोजित हुआ। शिविर में उन छात्र-छात्राओं का ऑनलाइन एवं ऑफलाइन माध्यम से वोटर कार्ड बनाने की प्रक्रिया पूरी की गई, जिनका अब तक मतदाता पहचान पत्र नहीं बना था।

## अंचल की खबरें

### घटुला में शाकभंरी जयंती मनाई गई



**नगरी।** मरार पटेल समाज द्वारा पटेल समाज की ईष्ट देवी मां शाकंभरी की जयंती मनाई गई। ग्राम घठुला के बाबा कुटी मंदिर प्रांगण में पटेल समाज द्वारा मां शाकंभरी के छायाचित्र की पूजा अर्चना कर कलश शोभायात्रा निकाली गई। मौके पर पटेल समाज के राजा लतखोर पटेल, घठुला क्षेत्र अध्यक्ष मानिक पटेल, हरि पटेल, गुलाब पटेल, पीयूष पटेल, नकुल पटेल, रेशू पटेल, रूपेन्द्र पटेल सहित बड़ी संख्या में पटेल समाज की महिलाएं, बच्चे, युवा, उपस्थित रहे।

### न्योता भोज में बच्चों को खीर पूड़ी खिलाई



**जीजामगांव।** गायत्री परिवार की ओर से रोहित साहू के नातिन एवं लव साहू की पुत्री अध्या साहू के जन्म दिन के अवसर पर शासकीय माध्यमिक शाला सिलीडीह में न्योता भोज में बच्चों को खीर पूड़ी खिलाई गई। इस अवसर पर शिक्षकगण एलबी साहू, एनडी साहू, प्रवीण साहू, हितेश्वरी साहू, राकेश मार्कण्डेय, सरपंच रुचि देवांगन, उपसरपंच रामविशाल साहू, गिरधारी एवं कांतू दीवान मौजूद थे।

### डोंगरडुला में क्रिकेट स्पर्धा का शुभारंभ



**नगरी।** नगरी विकासखंड खण्ड के ग्राम डोंगरडुला में एकता क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता का शुभारंभ 2 जनवरी को हुआ। पुरस्कार वितरण समारोह 6 जनवरी को आयोजित होगा। समापन समारोह के मुख्य अतिथि सरपंच ग्राम पंचायत सिरसिदा नरसिंग मरकाम होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच डोंगरडुला स्मृति हिराम नेताम करेंगे। विशिष्ट अतिथि जनपद सदस्य नगरी पुष्पा मडावी, पूर्व उपसरपंच प्रताप नारायण साहू, महामंत्री रूपेंद्र साहू रूपेंद्र ध्रुव, नरेंद्र साहू, प्रमोद चौहान, शिक्षकगण हेमंत साहू एवं तरुण कंवर, ग्राम पुरोहित भवदीप पाण्डेय होंगे।

निर्माणाधीन प्रधानमंत्री आवास की स्थिति की ली जानकारी

# जिपं सीईओ ने जनपद कार्यालय का किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

जिला पंचायत सीईओ गजेन्द्र सिंह ठाकुर ने जनपद पंचायत कुरूद कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यालय की विभिन्न शाखाओं के कार्यों का बारीकी से अवलोकन करते हुए शासन की प्रमुख योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान सर्वप्रथम प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत स्वीकृत एवं निर्माणाधीन आवासों की स्थिति की जानकारी ली गई। सीईओ ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पात्र हितग्राहियों को समय पर लाभ दिलाया जाए तथा निर्माण कार्यों में गुणवत्ता और समय-सीमा का विशेष ध्यान रखा जाए। लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने के भी निर्देश दिए गए। इसके पश्चात पेंशन योजनाओं की समीक्षा की गई। वृद्धावस्था, विधवा एवं दिव्यांग पेंशन से संबंधित प्रकरणों की स्थिति पर चर्चा करते हुए उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी पात्र हितग्राही को पेंशन से वंचित न रखा जाए। दस्तावेजों की जांच कर अनावश्यक विलंब समाप्त करने तथा नियमित रूप से भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।



### मनरेगा अंतर्गत चल रहे कार्यों की समीक्षा की

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) अंतर्गत चल रहे कार्यों की भी समीक्षा की गई। सीईओ ने मजदूरी भुगतान, कार्य स्वीकृति, जॉब कार्ड सत्यापन तथा मानव दिवस सृजन की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि नरेगा का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराना है इसलिए कार्यों का चयन जनहित में किया जाए और मजदूरी का भुगतान समय पर हो। निरीक्षण के दौरान जनपद पंचायत की विभिन्न शाखाओं जैसे लेखा, स्थापना, तकनीकी एवं सामान्य शाखा के कार्यों की भी जांच की गई। कार्यालयीन व्यवस्था, फाइलों के संधारण, रिकॉर्ड अपडेट एवं साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। सीईओ ने कर्मचारियों को शासन के दिशा-निर्देशों के अनुरूप पारदर्शिता एवं जवाबदेही के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

### मंदरौद औषधि प्लांटेशन की नियमित देखरेख के निर्देश

इसके पश्चात मंदरौद औषधि प्लांटेशन का निरीक्षण किया गया। यहां लगाए गए औषधीय पौधों की स्थिति, संरक्षण एवं रख-रखाव की जानकारी ली गई। सीईओ ने कहा कि औषधीय पौधरोपण न केवल पर्यावरण संरक्षण में सहायक है, बल्कि ग्रामीणों के लिए आजीविका के नए अवसर भी सृजित कर सकता है। उन्होंने पौधों के समुचित संरक्षण, नियमित देखरेख एवं भविष्य में विस्तार की संभावनाओं पर भी चर्चा की। जिला पंचायत सीईओ ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि सभी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, इसके लिए समन्वय एवं संवेदनशीलता के साथ कार्य किया जाए। इस दौरान जनपद सीईओ अमित सेन विशेष रूप से उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### उप मुख्यमंत्री अरुण साव आज कांकेर में

**कांकेर।** भाजपा कार्यलय कमल सदन कांकेर में प्रदेश के उप



मुख्यमंत्री व जिले के प्रभारी मंत्री अरुण साव, लोकसभा सांसद भोजराज नाग , विधायक विक्रम उसेंडी, आशाराम नेताम व भाजपा जिलाध्यक्ष महेश जैन नए रोजगार गारंटी कानून वीबी जी राम जी को लेकर आज 8 जनवरी को शाम 4 बजे प्रेसवार्ता लेंगे । उक्त जानकारी भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी निपेन्द्र पटेल ने दी है ।

### लारगांव एनएसएस शिविर का किया गया निरीक्षण



**कांकेर।** लारगांव मरकाटोला के उमावि के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कैडेट शिविर का निरीक्षण किया गया, जिसमें बताया गया कि प्रतिदिन रैली, योग अभ्यास, भजन, राष्ट्रीय ध्वजारोहण, परियोजना कार्य, बौद्धिक परिचर्चा होती है। जिला संगठक डॉ. अभिषेक मिश्रा ने शिविर में उपस्थित कैडेट को पर्यावरण संरक्षण व पॉलिथीन मैनेजमेंट की जानकारी दिया। कार्यक्रम में अशोक कुमार, पदुम सिंह ठाकुर, पुनू राम प्रधान, गिरिश सोनकर, रोशन पटेल, डेमन सिन्हा, रीना हिचामी, हिना भोयर, रंजीता नुचार्य, पूर्णिमा मरकाम, रितिका दिवाकर व ग्रामीणों का सहयोग मिला रहा है।

### शराब बेचते हुए दो कोचिया गिरफ्तार

**कांकेर।** दुर्गुकोंदल पुलिस ने 6 जनवरी को छापामार कार्यवाही करते हुए बागवाही खासपारा चौक जंगल रस्ता में आरोपी बागवाही निवासी किशोर कुमार मंडावी पिता जोहन मंडावी के कब्जे से 7 लीटर महुआ शराब को जप्त कर किया गया। वही पखांजुर पुलिस ने 6 जनवरी को शाम साढ़े 6 बजें आरोपी शीतलापारा पखांपुर निवासी श्यामा मंडावी पिता गिरवासी मंडावी को अवैध रूप से महुआ शराब बेचते हुए पकड़ा। दोनो आरोपी के खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### कुएं में गिरने से युवक की मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** कच्चे चौकी अंतर्गत पटेलपारा कच्चे निवासी 30 वर्षीय चंदन कुमार उर्वशा पिता राधेलाल उर्वशा की कुएं में डूबने से मौत हो गया। कच्चे निवासी 49 वर्षीय राधेलाल उर्वशा ने पुलिस को बताया कि मृतक 8 नवंबर 2025 से 6 जनवरी 2026 के मध्य कुआं में गिर गया था। मृतक का दिमागी स्थिति सही नही था। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### मौत व घायलों के प्रकरणों पर आर्थिक मदद स्वीकृत

**कांकेर।** अनुविभागीय अधिकारी भानुप्रतापपुर द्वारा सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने के प्रकरण में उनके निकटतम परिजन के लिए 25 हजार रूपएं और सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों के लिए 10-10 हजार रूपएं कि आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत किया गया है। डौण्डी तहसील जिला बालोद के ग्राम तुमड़ीसुर निवासी रामदेव दरपट्टी की सड़क दुर्घटना में मौत होने पर पिता परसुराम दरपट्टी के लिए 25 हजार रूपएं की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत किया गया है।

---

सहायक शिक्षक फेडरेशन ने स्थानीय समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

# निजी मोबाइल में वीएसके ऐप के इंस्टालेशन का विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏩कुरूद

वीएसके ऐप को लेकर शिक्षकों में गहरी नाराजगी देखी जा रही है। इसी कड़ी में सहायक शिक्षक, समग्र शिक्षक फेडरेशन कुरूद ने विकासखंड शिक्षा अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री एवं शिक्षा सचिव के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मुख्य रूप से वीएसके ऐप को शिक्षकों के निजी मोबाइल पर अनिवार्य रूप से इंस्टॉल कराए जाने का कड़ा विरोध किया गया।

बुधवार को एबीईओ चंद्रकुमार साहू को ज्ञापन सौंपकर ब्लॉक अध्यक्ष ने कहा कि वीएसके ऐप के माध्यम से शिक्षकों की महत्वपूर्ण, व्यक्तिगत एवं संवेदनशील जानकारियां एकत्र की जा रही हैं, जिससे उनकी निजता और डाटा सुरक्षा को लेकर गंभीर आशंकाएं हैं। वर्तमान में लगातार सामने आ रहे साइबर फ्रॉड और डाटा लीक की घटनाओं को देखते हुए निजी मोबाइल में इस तरह के ऐप को अनिवार्य करना पूरी तरह असुरक्षित है। इसके अलावा ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्र के अनेक विद्यालयों में नेटवर्क की गंभीर समस्या है, जिसके कारण वीएसके ऐप का सफलतापूर्वक संचालन संभव नहीं हो पाएगा। कमजोर नेटवर्क के चलते शिक्षकों पर अनावश्यक दबाव और मानसिक तनाव बढ़ रहा है।



#### अब तक 150 सर्विस बुक का सत्यापन

विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने अवगत कराया कि अब तक लगभग 150 सर्विस बुक का सत्यापन पूर्ण हो चुका है। पदोन्नति एवं परीक्षा संबंधी कार्यों के चलते प्रक्रिया में कुछ मंदी आई है, लेकिन जैसे ही ये कार्य पूर्ण होंगे, शेष पूर्ण सर्विस बुक को आधिकारिक रूप से उच्च कार्यालय में सत्यापन हेतु प्रेषित किया जाएगा।

#### शासकीय डिवाइस उपलब्ध कराने की मांग

सहायक शिक्षक फेडरेशन ने मांग की है कि शिक्षकों के निजी मोबाइल पर वीएसके ऐप के इंस्टॉलेशन पर तत्काल रोक लगाई जाए तथा इसे स्थगित किया जाए। यदि शासन के लिए वीएसके ऐप अत्यंत आवश्यक है, तो इसके लिए विद्यालयों को पृथक शासकीय डिवाइस उपलब्ध कराए जाएं। संगठन ने यह भी कहा कि वैकल्पिक व्यवस्था के बिना किसी भी स्थिति में शिक्षक अपने निजी मोबाइल पर यह ऐप इंस्टॉल नहीं करेंगे। वीएसके ऐप के अलावा ज्ञापन में कई स्थानीय एवं व्यावहारिक मुद्दों को भी शामिल किया गया। शिक्षकों ने विश्विद्यालयीन परीक्षा अनुमति संबंधित आवेदन आमंत्रित करने हेतु को कार्यालयीन आदेश की मांग रखी। साथ ही सर्विस बुक सत्यापन की स्थिति पर चर्चा की।

#### व्यवहारिक व न्याय संगत समाधान की रखी मांग

इसके अतिरिक्त रसोइया सहायकों की हड़ताल के कारण भी कई विद्यालयों में मध्यान्ह भोजन संचालन बाधित होने की स्थिति पर चिंता जताई गई। संगठन ने बताया कि ऐसी स्थिति में प्रधानपाठकों पर अतिरिक्त दबाव डालकर मध्यान्ह भोजन संचालन कराया जा रहा है, जिसका विरोध किया गया। शिक्षकों ने मांग की कि यदि प्रधानपाठकों द्वारा पृथक से मजदूर बुलाकर रसोइया की व्यवस्था की जा रही है, तो उसकी मजदूरी भुगतान की स्पष्ट व्यवस्था शासन द्वारा की जाए, ताकि मध्यान्ह भोजन सुचारू रूप से चलता रहे और प्रधान पाठकों को वित्तीय संकट का सामना न करना पड़े। सहायक शिक्षक संगठन ने शासन और प्रशासन से शिक्षकों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र, व्यावहारिक एवं न्यायसंगत समाधान करने की मांग की है।

इस अवसर पर प्रांतीय प्रवक्ता हुलेश चंद्राकर, जिला सचिव भेषज साहू, ब्लॉक अध्यक्ष लुकेश राम साहू, कोषाध्यक्ष फालेश्वर कुर्रे, सहसचिव शंकर लाल मानिकपुरी, ब्लॉक प्रवक्ता रामनारायण साहू, मीडिया प्रभारी रोमन रात्रे, जिला संगठन मंत्री खेमचंद देशलहरे, देवेश ध्रुव, मदन चंद्राकर, हरिशंकर सेन, धर्मराज ध्रुव, मिथिलेश कुमार साहू, जोन उपाध्यक्ष गुमान साहू, खुमेश्वर साहू, गोपाल ठाकुर, प्रीतम साहू, संतोष मारकंडे, तेजराम साहू, टेकराम बांधे, कोमल चंद साहू, सोमेश्वर गौतम समेत अनेक पदाधिकारी एवं शिक्षकगण मौजूद रहे।

---

## कलेक्टर ने दिव्यांग सायरा बानो को सौंपी ई-रिक्शा



हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने सक्षम प्रोजेक्ट अंतर्गत दिव्यांग सायरा बानो को बीते दिनों कलेक्ट्रेट परिसर में ई-रिक्शा की चाबी सौंपकर उन्हें आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया। इस दौरान सायरा बानो ने ई-रिक्शा का रिबन काटा और अधिकारियों का इस सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।

सायरा बानो ने बताया कि कुछ वर्ष पूर्व उनकी बेटी का निधन हो गया, जिसके बाद बेटी के दोनों बच्चों की जिम्मेदारी उन पर आ गई है। दिव्यांगता के कारण वे सामान्य मेहनत-मजदूरी का कार्य नहीं कर पा रही थीं। सक्षम प्रोजेक्ट के तहत ई-रिक्शा मिलने से अब वे इसका संचालन कर अपनी आजीविका अर्जित करेंगी और बच्चों को बेहतर शिक्षा दिला सकेंगी। ई-रिक्शा मिलते ही सायरा बानो ने वाहन का हॉर्न बजाकर अपनी खुशी जाहिर की। इस अवसर पर महापौर रामू रोहरा ने भी सायरा बानो को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में डिप्टी कलेक्टर श्रीमती कल्पना ध्रुव, उप संचालक समाज कल्याण डॉ मनीषा पाण्डे सहित अन्य विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर अबिनाश मिश्रा की विशेष पहल पर जिले में सक्षम प्रोजेक्ट की शुरुआत की गई है।

---

## राष्ट्रीय जंबूरी में भाग लेने कुरुद ब्लॉक से 51 प्रतिभागियों का दल रवाना



- बालोद में हो रहा आयोजन, देश-विदेश के रोवर रेंजर्स भी लेंगे भाग

हरिभूमि न्यूज ⏩कुरूद

नेशनल रोवर रेंजर्स के जंबूरी बालोद में कुरुद ब्लॉक के 51 प्रतिभागियों का दल सहभागिता प्रदान कर रहा है। काली मंदिर परिसर से भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के स्थानीय संघ अध्यक्ष मनीष साहू, बीईओ चंद्रकुमार साहू, आजीवन प्रतिनिधि श्रवण साहू, उपाध्यक्ष वीणा खत्री, जिन्दारमार ने हरी झंडी दिखाकर रोवर रेंजर्स की टीम को बालोद के लिए रवाना किया।

इस अवसर पर स्थानीय संघ के सचिव ऐश कुमार साहू ने बताया कि देश में पहली बार आयोजित होने वाले रोवर रेंजर्स की इस राष्ट्रीय जंबूरी में कश्मीर से लेकर कन्या कुमारी तथा देश-विदेश के रोवर रेंजर्स भी भाग लेकर विश्व बंधुत्त्व की भावना को मजबूत करते हैं। यह रोवर रेजर्स का महाकुंभ होता है जिसमें प्रतिभागी स्काउटिंग की विविध विद्याओं और कौशल का व्यावहारिक प्रदर्शन करते है। इस अवसर पर सचिव ऐश कुमार साहू, सहसचिव दीपमाला साहू, दुर्गेश द्विवेदी, बालमुकुंद साहू, जितेन्द्र सुधाकर, दानेश्वर साहू, जितेन्द्र परमार सहित रोवर रेंजर्स उपस्थित थे।

---

## वार्षिक उत्सव में बच्चों ने मचाया धमाल

- सरस्वती शिशु मंदिर आमापारा जालमपुर रोड में मनाया गया वार्षिकोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी





संचालित सरस्वती शिशु मंदिर आमापारा जालमपुर रोड में वार्षिक उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती आशा लोधी पाषर्द मकेश्वर वार्ड, विशिष्ट अतिथि धनीराम पटेल सचिव महात्मा ज्योतिबा फुले शिक्षण समिति थे। अध्यक्षता भूषण पटेल संरक्षक महात्मा ज्योतिबा फुले शिक्षण समिति ने की। मंच पर श्रीमती श्यामा पटेल अध्यक्ष महिला मंडल धमतरी पटेल समाज, श्रीमती बिमला पटेल संरक्षक महात्मा ज्योतिबा फुले शिक्षण समिति, श्रीमती चंद्रकला पटेल जिला अध्यक्ष ओबीसी महासभा महिला मोर्चा, श्रीमती पदमनी चंद्राकर जिलाध्यक्ष सर्व समाज समन्वय महासभा, श्रीमती ओमेश्वरी पटेल शिक्षिका थे। कार्यक्रम में कक्षा अरुण उदय के बच्चों द्वारा पापा मेरे पापा, प्राथमिक विभाग के बच्चों द्वारा बस्तरहीन बाला, माध्यमिक विभाग के बच्चों द्वारा धान के कटोरा जैसे मनमोहक गीतों पर दर्शक झूमने लगे। समापन समारोह के मुख्य अतिथ हेमंत बंजारे पार्षद महंत घासीदास वार्ड थे। अध्यक्षता बिसेशर पटेल संरक्षक महात्मा ज्योतिबा फुले शिक्षण समिति ने की। विशेष अतिथि दीनबंधु सिन्हा अध्यक्ष ग्राम शिक्षा समिति जिला धमतरी, पोखन लाल साहू सचिव ग्राम शिक्षा समिति जिला धमतरी, हेमशंकर पटेल समाजसेवी, दिलीप पटेल, रत्नेश पटेल एवं बबला पटेल थे। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य श्रीमान प्रहलाद पटेल, श्रीमती पुष्पा सिन्हा, श्रीमती लक्ष्मी सिन्हा, श्रीमती ललिता देवांगन, लोकेश्वरी ढीमर, झरना जाधव, भारती ढीमर, श्रीमती योगेश्वरी पटेल एवं श्रीमती ललिता पटेल मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन दिलीप पटेल और बबला पटेल ने किया। मौके पर प्रकाश पटेल, गज्जू पटेल, मीना साहू, राज बाई पटेल, सुशीला यादव समेत बड़ी संख्या में पालक उपस्थित थे।

---

## बरसात में जलभराव की समस्या से मिलेगी राहत



- महापौर ने हटकेशर वार्ड में किया आरसीसी नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

शहर के हटकेशर वार्ड में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार की दिशा में एक और महत्वपूर्ण पहल करते हुए महापौर रामू रोहरा, सभापति कौशिल्या देवांगन, लोक निर्माण विभाग के अध्यक्ष विजय मोटवानी ने तुलसी चौक से हाउसिंग बोर्ड चौक तक प्रस्तावित आरसीसी नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। इस निर्माण कार्य की लागत लगभग 25 लाख रुपये है।

इस अवसर पर महापौर श्री रोहरा ने कहा कि बरसात के मौसम में जलभराव की समस्या से नागरिकों को राहत दिलाने के उद्देश्य से इस आरसीसी नाली का निर्माण किया जा रहा है। नाली निर्माण पूर्ण होने से क्षेत्र में जल निकासी की व्यवस्था सुदृढ़ होगी, जिससे स्वच्छता एवं जनस्वास्थ्य में भी सुधार होगा। हटकेशर वार्ड में लंबे समय से नाली निर्माण की मांग की जा रही थी, जिसे अब मूर्त रूप दिया जा रहा है। भूमिपूजन कार्यक्रम में नेता प्रतिपक्ष दीपक सोनकर, एमआईसी सदस्य विभा, पार्षद चंद्रभागा साहू, अज्जू देशलहरे, वार्ड पार्षद सूरज गहेरवाल, इंजीनियर कमलेश ठाकुर, मनीष साहू समेत बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे।

---

## सिलौटी स्कूल के छात्र राष्ट्रीय एकता शिविर में शामिल हुए

- राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए लोक नृत्य स्पर्धा में तृतीय स्थान प्राप्त किया

हरिभूमि न्यूज ⏩अमलीडीह(धमतरी)



गुरु गोविन्द सिंह स्कूल पानीपत (हरियाणा) में आयोजित रासेयो राष्ट्रीय एकता शिविर में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिलौटी के विद्यार्थियों ने सहभागिता की। शिविर में विद्यालय के दो स्वयंसेवक कुणाल साहू कक्षा 12वीं एवं राणिका साहू कक्षा 11वीं के साथ छह अन्य छात्र तथा कार्यक्रम अधिकारी शेष नारायण गजेन्द्र कार्यक्रम अधिकारी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरेंगा के नेतृत्व में पं. रविशंकर विश्वविद्यालय रायपुर की ओर से राज्य का प्रतिनिधित्व किया गया।

राष्ट्रीय एकता शिविर में देश के विभिन्न राज्यों से आए स्वयंसेवकों के साथ सांस्कृतिक विविधता, कला कौशल, पारंपरिक वेशभूषा एवं क्षेत्रीय व्यंजनों का आदान-प्रदान हुआ। शिविर के दौरान स्वयंसेवकों ने नुक्कड़ नाटक, भाषण, वाद-विवाद, कविता पाठ तथा पोस्टर मेकिंग जैसी प्रतियोगिताओं में भागीदारी की। राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए लोक नृत्य प्रतियोगिता में टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय व राज्य का नाम रोशन किया।

शिविर के चतुर्थ दिवस स्वयंसेवकों को पानीपत के युद्ध स्थल, स्मारक एवं ऐतिहासिक स्थलों का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। शिविर केसमापन पर प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। इस उपलब्धि पर प्राचार्य मनोज कुमार ठाकुर, बी. पदमा राजेश, एके यादव, जेएन सोनवानी, कार्यक्रम अधिकारी संतोष कुमार जैन, एसके ध्रुव, सीपी साहू ने हर्ष व्यक्त किया है।

---

### नाटक 'अनिकेत' का मंचन 21 को

**धमतरी।** मानवीय संवेदनाओं, जीवन-संघर्ष और आत्मसंवाद को केंद्र में रखकर रचित चर्चित हिंदी नाटक अनिकेत का मंचन 21 जनवरी को राधाकृष्ण भवन धमतरी में किया जाएगा। इस सांस्कृतिक आयोजन का संयोजन महाराष्ट्र मंडल धमतरी द्वारा किया जा रहा है, जिसमें अनुभवी रंगकर्मियों की सशक्त टीम दर्शकों के समक्ष एक भावविभोर कर देने वाली प्रस्तुति लेकर आएगी। महाराष्ट्र मंडल धमतरी के पीबी पराडकर ने शहर के रंगप्रेमियों, कला-संस्कृति से जुड़े नागरिकों और युवाओं से इस आयोजन का लाभ उठाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के नाट्य आयोजन न केवल मनोरंजन का माध्यम होते हैं, बल्कि समाज के साथ एक जीवंत संवाद भी स्थापित करते हैं।

---

## गर्भवतियों की गोदभराई एवं बच्चों का हुआ अन्नप्राशन



- लेडीज क्लब ने किया कांटाकुर्रीडीह में महिलाओं का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

लेडीज क्लब द्वारा ग्राम कांटाकुर्रीडीह में गर्भवती महिलाओं की गोदभराई एवं नन्हे बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ

क्लब के जिला अध्यक्ष काजल सिन्हा, संरक्षिका कामिनी कौशिक, संचालिका उषा गुप्ता, सचिव साधना साहू, कोषाध्यक्ष रचना नायडू एवं डॉ. भारती एन गुरुनाथ ने किया। गायत्री परिवार से जुड़ी बहनों ने गर्भावस्था के दौरान संस्कारों के महत्व पर प्रकाश डाला। बताया कि गर्भकाल में माता के विचार, आचरण और खान-पान का सीधा प्रभाव होने वाले शिशु के व्यक्तित्व पर पड़ता है। इस दौरान मंत्रोच्चार एवं महामृत्युंजय जाप के साथ गर्भवती महिलाओं का पूजन कर उन्हें आशीर्वाद दिया गया।

क्लब द्वारा गर्भवती महिलाओं को श्रृंगार सामग्री, मिठाई, श्रीफल एवं उपहार भेंटकर सम्मानित किया गया। डॉ. प्राची गुप्ता ने महिलाओं को गर्भावस्था के समय पोषण, स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं दिनचर्या के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में प्रश्नोत्तरी भी आयोजित की गई जिसमें महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। श्रीमती यशोदा साहू ने बच्चों के लिए अन्नप्राशन संस्कार गायत्री मंत्रों के दिव्य उच्चारण के साथ संपन्न कराया।

---

## स्कूलों के परीक्षा परिणाम आशानुरूप नहीं होने पर प्राचार्य पर होगी कार्रवाई

- शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने दिए सख्त निर्देश

**धमतरी।** जिले में आगामी बोर्ड परीक्षाओं के बेहतर परिणाम के लिए कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारियों एवं जिले के सभी प्राचार्यों की बैठक ली। बैठक में कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि कक्षा 10 वीं का न्यूनतम 80 प्रतिशत एवं कक्षा 12 वीं का 90 प्रतिशत से अधिक परीक्षा परिणाम सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि जिन विद्यालयों के परीक्षा परिणाम आशानुरूप नहीं होंगे, उसकी जिम्मेदारी संबंधित प्राचार्य की होगी तथा अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि बोर्ड



परीक्षाएं प्रारंभ होने में अब बहुत कम समय शेष है, ऐसे में सभी अधिकारी एवं प्राचार्य बच्चों की पढ़ाई पर पूरा फोकस करें, ताकि परीक्षा परिणाम में उल्लेखनीय सुधार हो सके। उन्होंने सभी बीआरसी, बीईओ, एपीसी, डीएमसी एवं डीईओ को सतत निरीक्षण कर आवश्यक मार्गदर्शन देने तथा तुलनात्मक समीक्षा करने के निर्देश दिए। साथ ही प्रत्येक विकासखंड से कम से कम 5-5 विद्यालयों को शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम हेतु चिन्हांकित करने को कहा। कलेक्टर ने अर्धवार्षिक परीक्षा के आधार पर कमजोर विद्यार्थियों की पहचान कर विशेष अध्यापन योजना तैयार करने एवं मेधावी विद्यार्थियों की सूची बनाकर उन्हें और बेहतर मार्गदर्शन देने के निर्देश जिला एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि समीक्षा बैठक प्रत्येक सप्ताह आयोजित की जाए और प्रगति पर नियमित चर्चा हो। विद्यार्थियों का आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए विगत 5 वर्षों के प्रश्नपत्र हल कराने के निर्देश दिए गए। सभी शिक्षकों का वीएसके ऐप में पंजीयन सुनिश्चित करने पर भी विशेष जोर दिया गया। बैठक के दौरान कलेक्टर ने विद्यालयों में विषयवार प्राप्त अंकों की भी समीक्षा की। बैठक में संयुक्त कलेक्टर श्रीमती कल्पना ध्रुव, जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

---

## पोस्ट ऑफिस वार्ड ने प्री क्वार्टर फाइनल में बनाई जगह

- मिशन ग्राउंड में फ्लड लाइट के बीच छाया डीपीएल का रोमांच

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी



मिशन ग्राउंड की जगमगाती फ्लड लाइट के बीच धमतरी प्रीमियर लीग (डीपीएल) सीजन-7 का आगाज हुआ। विधानसभा स्तरीय इस रात्रिकालीन टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता के पहले ही दिन दर्शकों को कांटे के मुकाबले देखने को मिले, जहां पोस्ट ऑफिस वार्ड ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने दोनों मुकाबले जीतकर प्री क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की कर ली।

मार्निंग क्रिकेट क्लब धमतरी द्वारा आयोजित टूर्नामेंट की शुरुआत 6 जनवरी की रात को हुई। मैच का पहला मुकाबला पोस्ट ऑफिस वार्ड और विंध्यवासिनी वार्ड के बीच खेला गया। पोस्ट ऑफिस वार्ड ने निर्धारित 8 ओवरों में 84 रन बनाए। जवाब में विंध्यवासिनी वार्ड की टीम लक्ष्य के करीब तो पहुंची, लेकिन 74 रन ही बना सकी।

दूसरे मुकाबले में सदर उत्तर वार्ड और बठेना वार्ड आमने-सामने थे। सदर उत्तर वार्ड की टीम बड़ा स्कोर खड़ा करने में नाकाम रही, जिसका फायदा बठेना वार्ड ने उठाया और लक्ष्य को आसानी से हासिल कर मुकाबला अपने नाम किया। दिन का तीसरा और निर्णायक मुकाबला पोस्ट ऑफिस वार्ड और बठेना वार्ड के बीच हुआ। पोस्ट ऑफिस वार्ड ने 70 रन बनाए। जवाब में बठेना वार्ड की टीम दबाव में बिखर गई और बड़ा स्कोर बनाने में असफल रही। पोस्ट ऑफिस वार्ड ने लगातार दूसरी सफलता दर्ज कर टूर्नामेंट के अगले दौर में प्रवेश किया। डीपीएल सीजन-7 के लीग मुकाबले 8-8 ओवरों के खेले जा रहे हैं और हर मैच में रोमांच चरम पर है।

---

## महिला समूहों को मिली पैरा मशरूम कटिंग मशीन

**धमतरी।** कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के मार्गदर्शन में जिले के कुरूद विकासखंड में जिला राष्ट्रीय नवप्रवर्तन प्रतिष्ठान भारत सरकार तथा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) के संयुक्त प्रयास से कुरूद विकासखंड के ग्राम सरबदा एवं मगरलोड के भेंन्ड्री ग्राम की महिला स्व-सहायता समूहों को पैरा मशरूम कटिंग मशीन प्रदान की गई। महिलाओं को मशीन के उपयोग, रख-रखाव और सुरक्षा संबंधी पहलुओं पर डेमोन्स्ट्रेशन भी दिया गया, ताकि वे पैरा मशरूम उत्पादन में गुणवत्ता बढ़ाकर अधिक आय अर्जित कर सकें। जिला कार्यक्रम प्रबंधक (अजीविका) अनुराग मिश्रा ने बताया कि एनआईएफ के सहयोग से जिले में जमीनी स्तर के तकनीकी नवाचारों और पारंपरिक ज्ञान को बढ़ावा दिया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### दरगहन (कुरमातराई) में राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता 11 को

**धमतरी।** ग्राम पंचायत दरगहन (कुरमातराई) में ग्रामीण युवा मंच एवं ग्रामवासियों द्वारा 11 जनवरी को राज्यस्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। प्रवेश शुल्क 401 रुपये रखा गया है। प्रथम पुरस्कार 21121, द्वितीय 13113, तृतीय 7107, चतुर्थ पुरस्कार 4104 रूपये दिए जायेंगे। बेस्ट कैचर में 501 रुपये, बेस्ट रेडर 501, बेस्ट ऑल राउंडर को 501 रूपये का पुरस्कार दिया जायेगा। यह जानकारी अध्यक्ष शरद कुमार मरकाम ने दी।

### कचना में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह 15 से

**जीजामगांव।** ग्राम कचना में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ



सप्ताह का आयोजन ग्रामवासियों के सहयोग से 15 से 21 जनवरी तक किया गया है। व्यासपीठ पर ममता दीदी पाठक रतलाम मध्यप्रदेश विराजमान होंगी। 15 जनवरी को कलश शोभायात्रा एवं महात्मय धुंधकारी मोक्ष की कथा, 16 को कपिल मुनि अवतार की कथा, 17 को ध्रुव चरित्र कथा प्रसंग, 18 को कृष्ण जन्मोत्सव कथा, 19 को गोवर्धन पूजा कथा, 20 को रुक्मणि विवाह एवं 21 जनवरी को परीक्षित मोक्ष पूर्णाहुति एवं महाप्रसादी वितरण के साथ कथा का समापन होगा। कथा प्रतिदिन दोपहर 1 से शाम 5 बजे तक ग्राम पंचायत मैदान में होगी। आयोजन को लेकर जनजागरण सत्संग समिति के सदस्य एवं ग्रामवासी जुटे हुए हैं।

### चॉवडी पुलिया के पास ट्रक और कार की भिड़ंत में चार 4 घायल



**कांकेर।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर रफ्तार का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। चारामा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम चॉवडी पुलिया के पास बुधवार सुबह एक तेज रफ्तार ट्रक ने सामने से आ रही कार को जोरदार टक्कर मार दी। इस भीषण सड़क हादसे में कार सवार चार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार ग्राम छोटेबेठिया धरमपुर पीव्ही 92 निवासी 20 वर्षीय आकाश मंडल अपने तीन दोस्तों प्रीतम मंडल, जयंत किर्तनीया और राजू यादव के साथ 7 जनवरी की सुबह करीब साढ़े 8 बजे अपनी कार क्रमांक सीजी 05 एई 4077 से खरीदारी करने रायपुर जा रहे थे। उनकी कार ग्राम चॉवडी पुलिया के पास पहुंची, रायपुर की ओर से आ रहे ट्रक क्रमांक सीजी 05 एजे 6422 के चालक ने लापरवाही और अत्यधिक गति से वाहन चलाते हुए कार को सामने से सीधी टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार अनियंत्रित होकर पुलिया से जा टकराई, जिससे वाहन के सामने का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। इस दुर्घटना में कार में सवार चारों युवकों आकाश मंडल को सीने में तेज दर्द और अंदरूनी चोटें, प्रीतम मंडल के आंख के पास गहरी चोट, जयंत किर्तनीया के कान से खून बहने लगा।

### मरम्मत, इनाम और दावों के बाद भी नगर घड़ी ने नहीं पकड़ी सही चाल

# विकास की सुइयां उलझीं, घड़ी चौक बना विरोधाभास का चौराहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



शहर की पहचान माने जाने वाले घड़ी चौक की नगर घड़ी एक बार फिर चर्चा के केंद्र में है, लेकिन वजह उपलब्धि नहीं, बल्कि अव्यवस्था है। कुछ समय पहले जिस घड़ी को बड़े दावों और प्रतीकों के साथ दोबारा शुरू किया गया था, वह अब अपने ही समय से भटकती नजर आ रही है। हालात ऐसे हैं कि चौक पर लगी चारों दिशाओं की घड़ियां चार अलग-अलग समय बता रही हैं ।

नगर घड़ी को पुनः चालू करते समय इसे विकास की घड़ी का नाम दिया गया था। संदेश साफ था अब शहर आगे बढ़ चुका है और उसकी धड़कन, यानी यह घड़ी, बिना रुके चलेगी। शुरुआती दिनों में सब कुछ ठीक भी लगा। लोग ठहरकर समय देखने लगे, फोटो खिंचवाने लगे। पर यह ज्यादा दिन नहीं चला। कुछ ही समय में घड़ी के कांटे फिर अपनी मनमर्जी करने लगे।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यह दृश्य नया नहीं है। हर बार मरम्मत के बाद यही कहानी दोहराई जाती है पहले तारीफ, फिर शिकायत। फर्क बस इतना है कि इस बार मरम्मत के साथ पुरस्कार भी जुड़ा था। घड़ी दुरुस्त करने वाले मैकेनिक को 21 हजार रुपये का इनाम दिया गया, लेकिन इनाम की चमक फीकी पड़ गई जब घड़ी फिर अटक गई। इससे न केवल तकनीकी कार्य पर, बल्कि निगरानी और जिम्मेदारी तय करने की व्यवस्था पर भी सवाल उठ रहे हैं।

निगम के जनप्रतिनिधियों के अनुसार घड़ी को शहर की विकास गति का प्रतीक मानकर शुरू किया गया था। उनका मानना था कि जैसे शहर आगे बढ़ रहा है, वैसे ही यह घड़ी भी निरंतर चलेगी। मगर वर्तमान हालात इन उम्मीदों पर खरे नहीं उतरते। मैकेनिक को इनामी राशि दी जा चुकी है, जबकि पूरा भुगतान रोका गया है। तकनीकी खामी सामने आने के बाद फिर से सुधार कार्य कराया जाएगा। घड़ी चौक सिर्फ एक चौराहा नहीं, बल्कि प्रशासनिक और सामाजिक गतिविधियों का केंद्र है। रोजाना इसी रास्ते से जिम्मेदार अधिकारी और जनप्रतिनिधि गुजरते हैं। ऐसे में समय बताने वाली घड़ी का ही समय से बाहर होना, विकास के दावों और जमीनी हकीकत के बीच के अंतर को प्रतीकात्मक रूप से उजागर करता है। अब सवाल यह नहीं कि घड़ी कब सुधरेगी, सवाल यह है कि क्या शहर की व्यवस्थाएं भी कभी सही समय पर चलेंगी।

# फूड बास्केट ऑफ एशिया के रूप में होगी जिले की पहचान

- अनाज, फल-सब्जी एवं लघु वनोपज के निर्यात अवसरों पर हुआ कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी





जिले को फूड बास्केट ऑफ एशिया के रूप में विकसित करने की दिशा में ठोस पहल करते हुए जिला उद्योग केंद्र द्वारा एपीईडीए रायपुर के सहयोग से छत्तीसगढ़ राज्य से अनाज, ताजे फल-सब्जियां तथा लघु वनोपज (एमएफपी) के निर्यात अवसरों पर एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन एक रेस्टोरेंट में किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने की। इस अवसर पर उप संचालक कृषि मोनेश साहू, महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र लोकपाल खांडेकर, लीड बैंक मैनेजर आई.के. तिलवानी, उसना राइस एसोसिएशन के चेयरमेन नवीन सांखला, अरवा राइस एसोसिएशन के चेयरमैन राजेश गोलछा सहित जिले के लगभग 63 उद्यमी, एफपीओ, महिला एफपीओ एवं विभिन्न एनजीओ के प्रतिनिधि उपस्थित थे। मुख्य वक्ता एपीईडीए क्षेत्रीय कार्यालय, रायपुर के एसोसिएट अशोक बोरा ने जिले के निर्यात-उन्मुख खाद्य एवं कृषि आधारित उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंचाने की प्रक्रिया पर जानकारी दी। उन्होंने गुणवत्ता मानक, एपीईडीए पंजीयन, पैकेजिंग, लॉजिस्टिक्स तथा निर्यात को प्रोत्साहित करने उपलब्ध सब्सिडी एवं इंसेंटिव योजनाओं के बारे में भी बताया। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कहा कि धमतरी जिले में कृषि, वनोपज एवं खाद्य प्रसंस्करण की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने जिले को फूड बास्केट ऑफ एशिया के रूप में पहचान दिलाने के लिए निर्यात को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया और उद्यमियों, एफपीओ तथा महिला समूहों को निर्यात की दिशा में आगे आने के लिए प्रेरित किया। प्रबंधक जिला उद्योग केंद्र प्रशांत चंद्राकर ने आभार व्यक्त किया।

## मेनोनाईट स्कूल के छात्र यातायात नियमों से हुए अवगत





हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

भारत सरकार सड़क परिवहन एवं राज्य मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता के लिए सात जनवरी से सड़क सुरक्षा सप्ताह का आयोजन किया गया था, जिसमें स्कूली छात्र - छात्राओं को यातायात के नियमों से अवगत कराने हेतु कार्यशाला, चित्रकला, स्लोगन, निबंध एवं वाद-विवाद का आयोजन का किया जिसमें मेनोनाईट इंग्लिश सी.से.स्कूल धमतरी के छात्रों ने भी अपनी सहभागिता दी। यातायात विभाग द्वारा विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी दी गई।

इस दौरान वाहन चालक हेतु अनिवार्य हेलमेट, लाइसेंस, नशीले पदार्थों के सेवन में वाहन न चलाना, सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करना, वाहन चालक द्वारा मोबाइल का प्रयोग न करना जैसे निर्देश दिए गए। शाला प्रबंधन समिति के मैनेजर एम.के. मसीह एवं प्राचार्या श्रीमती अनुपमा सिंह ने इस कार्यक्रम के लिए यातायात विभाग का आभार व्यक्त किया।

## प्रीतेश ने छाती शिव मंदिर को समर्पित की ऑटोमैटिक इलेक्ट्रॉनिक घंटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



छाती के बस स्टैंड साप्ताहिक बाजार स्थित भगवान शंकर मंदिर में धर्ममय वातावरण के निर्माण हेतु ऑटोमैटिक इलेक्ट्रॉनिक घंटी समर्पित की गई। यह घंटी सर्व गुजराती समाज के प्रदेशाध्यक्ष एवं भाजपा प्रदेश सह कार्यालय मंत्री प्रीतेश गांधी द्वारा भगवान शिव के श्रीचरणों में अर्पित की गई। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रतिदिन होने वाली प्रातः एवं सायंकालीन आरती के समय यह घंटी वातावरण में भक्ति और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करेगी, जिससे श्रद्धालुओं की आस्था और भी सुदृढ़ होगी।

उल्लेखनीय है कि यह मंदिर क्षेत्रवासियों की आस्था का प्रमुख केंद्र है। मंदिर समिति से जुड़ी शिव शक्ति महिला मंडल द्वारा प्रतिदिन संध्या समय शिव पुराण कथा का श्रद्धापूर्वक श्रवण किया जाता है। सावन माह में विशेष पूजा-अर्चना के साथ-साथ वर्ष में एक बार शिव महापुराण, श्रीमद्भागवत अथवा श्रीराम कथा जैसे धार्मिक आयोजनों का आयोजन कर ग्राम एवं आसपास के क्षेत्रवासियों को धार्मिक एकता के सूत्र में बांधा जाता है। घंटी समर्पण के पश्चात श्रद्धालुओं ने भगवान शंकर की आरती में सहभागिता की और क्षेत्र की सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना करते हुए विशेष पूजा-अर्चना की।

इस अवसर पर पूर्व सभापति राजेंद्र शर्मा, संतोष बल्ला चंद्राकर, सरपंच दानेश्वरी यादव, रेणुका चंद्राकर, जानकी निषाद, पुन्नी कंवर, त्रिवेणी धीवर, बसंती चंद्राकर, शशि साहू, नोमीन कंवर, सरस्वती धीवर, अशवंतीन कंवर, सेवती चंद्राकर, सरस्वती धीवर, लता धीवर एवं समिति की मातृशक्तियां उपस्थित रहीं।

## जगत के सभी कष्ट के निवारक हैं भगवान राम और कृष्ण : पं. राजेश



- महिमासागर दानीटोला वार्ड पहुंच कर व्यासपीठ पं. मनोज दुबे से लिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

महिमासागर दानीटोला वार्ड में आयोजित श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में निरंतर जारी है। 3 जनवरी से प्रारंभ इस धार्मिक आयोजन में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर कथा श्रवण का लाभ ले रहे हैं। कथावाचक पंडित मनोज दुबे द्वारा भगवान श्रीकृष्ण के जीवन चरित्र, उनकी लीलाओं और गीता के उपदेशों पर आधारित भावपूर्ण कथाएं प्रस्तुत की जा रही हैं, जिससे श्रद्धालु भावविभोर हो रहे हैं। इस अवसर पर शहर के धर्मप्रेमी पंडित राजेश शर्मा ने व्यासपीठ से आशीर्वाद लेते हुए कहा कि कथा का आयोजन ईश्वरीय कृपा से ही संभव होता है, जो कई जन्मों के पुण्य के बाद प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि आज के भागदौड़ भरे युग में मानव जीवन के सभी कष्ट, दुःख और संताप का समाधान भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण की जीवन लीलाओं में निहित है। यदि मनुष्य इन आदर्शों को आत्मसात कर लें तो जीवन में सुख, शांति और समृद्धि स्वतः आ जाती है।

कथावाचक पंडित मनोज दुबे ने भगवान श्रीकृष्ण के अवतार और गीता उपदेशों को मानव जीवन को धन्य करने वाला बताया। कथा के दौरान नगर निगम के पूर्व सभापति राजेंद्र शर्मा एवं नेता प्रतिपक्ष दीपक सोनकर ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में पार्षद पिंटू यादव एवं कुलेश सोनी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन कुरमन साहू परिवार द्वारा किया जा रहा है।

## अपने बच्चों को भारतीय संस्कृति से जोड़ें : यादव

- सेलदीप में हुआ चार दिवसीय गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञा पुराण कथा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद



ग्राम सेलदीप में पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञापुराण कथा का आयोजन गायत्री परिवार एवं ग्रामवासियों के सहयोग से हुआ। कथावाचक परमानन्द यादव ने धर्म, संस्कृति और राष्ट्र चेतना, नशा मुक्ति, यज्ञ क्री ऊर्जा का लाभ प्राप्त कर अपने घर परिवार में संस्कार का बीजोरोपण पुष्पित और पलवित करने का संदेश दिया।

श्री यादव ने कहा कि सभी मातृशक्ति अपने घरों और हर परिवार में अपने हिस्से का कर्तव्य निभाएं, तभी राष्ट्रभक्ति की मशाल प्रज्ज्वलित रह सकेगी। उन्होंने पालकों से आग्रह किया कि अपने बच्चों को आधुनिकता के साथ-साथ भारतीय संस्कृति से जोड़ें। बच्चे आज मनोरंजन में तो रुचि रखते हैं, लेकिन भारतीय संस्कृति के बारे में जानकारी नहीं रखते, यह स्थिति सुधारने की जरूरत है। बच्चों की उचित परवरिश के लिए मातृशक्ति की भूमिका को चिन्हित करते हुए उन्होंने कहा कि यदि मां ठान ले तो वही बालक आगे चलकर समाज का पथ प्रदर्शक बन सकता है।

इस अवसर पर सभी संस्कार जैसे पुंसवन, जन्मदिन, नामकरण, मुण्डन, अन्नप्राशन विद्यारंभ, दीक्षा, यज्ञोपवित, विवाह संस्कार आदि निःशुल्क कराये गए। कार्यक्रम में राजकुमार दीवान, अवधराम साहू, मनीराम साहू, शेखन साहू, दुकालू दीवान, खुमान साहू उत्तम निर्मलकर, मुक्ता साहू, रूपराम साहू, देवनाथ साहू, सोहन साहू, युगल साहू, चुरामन साहू, ईश्वर विनायक, उभेलाल निषाद, चंद्रहास साहू आदि उपस्थित थे।

## सेमरा पंचायत में स्थायी सचिव की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

सिहावा विधानसभा के ग्राम पंचायत सेमरा में स्थायी सचिव नहीं होने से पंचायत कार्य प्रभावित है। सरपंच सहित पंचायत जनप्रतिनिधियों ने कलेक्टर को आवेदन देकर स्थायी सचिव नियुक्त करने की मांग की है। विकासखंड नगरी अंतर्गत ग्राम पंचायत सेमरा के सरपंच, उपसरपंच सहित पंचों ने बताया कि सेमरा पंचायत में स्थायी सचिव का पद लंबे समय से रिक्त है। यहां प्रभारी सचिव के माध्यम से कार्य हो रहा है। सेमरा जनसंख्या की दृष्टिकोण से बड़ी पंचायत है। स्थायी सचिव के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी को आवेदन किया गया है लेकिन किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं हो सकी है। स्थायी सचिव नहीं होने से पंचायत के विभिन्न कार्य प्रभावित हो रहे हैं, जिससे ग्रामीणों को परेशानी उठानी पड़ रही है।

## ऋण वसूली शिविर 14 से 29 तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति मर्यादित धमतरी द्वारा संचालित दिव्यांग स्वरोजगार योजना एवं राष्ट्रीय निगम की योजनाओं में लाभान्वित सभी ऋणी हितग्राहियों से ऋण वसूली के लिए 14 से 29 जनरी तक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति ने बताया कि 14 जनवरी को सुबह 10 से शाम 5.30 बजे तक कलेक्टोरेट प्रथम तल कक्ष क्रमांक 48 स्थित जिला अंत्यावसायी में शिविर लगाया जाएगा। 20 जनवरी को दोपहर 12 से 3 बजे तक जनपद पंचायत भवन कुरूद, 22 जनवरी को जनपद पंचायत मगरलोड और 29 जनवरी को अंत्यावसायी प्रशिक्षण केन्द्र नगरी में शिविरों का आयोजन किया जाएगा। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने यह भी कहा कि इन शिविरों में हितग्राही ऋण की किस्त जमा कर रसीद प्राप्त करें और दाण्डिक ब्याज से बचने के लिए सम्पूर्ण बकाया राशि अदा करें।

## सार्वजनिक वितरण प्रणाली को और भी अधिक पारदर्शी, प्रभावी बनाया जायेगा

नपं भखारा भठेली में रजत जयंती चावल उत्सव मनाया गया



हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी

छत्तीसगढ़ राज्य गठन की 25वीं वर्षगांठ पर नगर पंचायत भखारा भठेली में रजत जयंती चावल उत्सव का शुभारंभ किया गया। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा आयोजित यह विशेष उत्सव जिलेभर में 9 जनवरी तक मनाया जायेगा। जिला खाद्य अधिकारी कौशल साहू ने बताया कि रजत जयंती चावल उत्सव जिले के सभी शासकीय उचित मूल्य दुकानों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, निगरानी समिति के सदस्यों, दुकान संचालकों एवं हितग्राहियों की सहभागिता के साथ आयोजित किए जा रहे हैं। नगर पंचायत भखारा अध्यक्ष ज्योति हरख जैन ने भी अपने विचार रखे।

उत्सव के माध्यम से सार्वजनिक वितरण प्रणाली को और अधिक पारदर्शी, प्रभावी एवं जनहितकारी बनाने का संदेश दिया। विशेष सप्ताह अंतर्गत शेष राशनकार्ड धारियों एवं हितग्राहियों की ई-केवाईसी पूर्ण कराने विशेष अभियान चलाया जा रहा है, ताकि सभी पात्र हितग्राही योजनाओं का लाभ निर्बाध रूप से प्राप्त कर सकें। सभी उचित मूल्य दुकानों में प्रदर्शित सूचना बोर्ड, स्टॉक पंजी, वितरण पंजी एवं चावल उत्सव पंजी को अद्यतन रखने के निर्देश दिए गए हैं, जिससे रिकॉर्ड संधारण में पारदर्शिता बनी रहे। शासकीय उचित मूल्य दुकान रामलीला मैदान भखारा में छत्तीसगढ़ रजत जयंती चावल उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति जैन, पार्षदगण छबिलाल निर्मलकर, अंजूसाहू, चांदनी साहू सहित प्राथमिकता, अंत्योदय, निराश्रित एवं सामान्य राशन कार्डधारी हितग्राही उपस्थित रहे। इस अवसर पर सेल्समेन रोहित माल द्वारा माह जनवरी 2026 के अंतर्गत हितग्राहियों को चावल, शक्कर एवं नमक का वितरण किया गया।







